Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 13 अप्रैल 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 194

## महत्वपूर्ण एवं खास

### नेपाल हादसे में चार भारतीय नागरिकों की मौत

**काठमांडू।** नेपाल के सिंधुली जिले में एक कार दुर्घटना में चार भारतीय नागरिकों की मौत हो गई। पुलिस ने ये जानकारी दी है। जिला पुलिस कार्यालय के अनुसार, हादसा बीती देर रात बीपी हाईवे के सिंधुलीमाडी-खुरकोट खंड के कमलामाई नगर पालिका-3 के सोलभंजयांग के पास हुआ। दुर्घटनास्थल काठमांडू से करीब 100 किमी दूर है। पुलिस अधीक्षक राज कुमार सिलवाल ने कहा कि कार का भारतीय रजिस्ट्रेशन नंबर था और यह काठमांडू की ओर जा रही थी। वाहन सडक़ से करीब 500 मीटर दूर जा गिरा। तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने स्थानीय अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पांचवें घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिला पुलिस कार्यालय सिंधुली ने इसकी जानकारी दी। सिलवाल ने कहा कि वर्तमान में पांच भारतीय नागरिकों की पहचान स्थापित करने की प्रक्रिया चल रही है।

### ऑस्ट्रेलिया में हिंदू मंदिर में अभिषेक समारोह में हजारों लोग शामिल हुए

**मेलबोर्न।** सिडनी से लगभग 55 किलोमीटर दक्षिण में हेलेंसबर्ग में श्री वेंकटेश्वर मंदिर में अभिषेक समारोह में भाग लेने के लिए दुनिया भर से हजारों श्रद्धालु एकत्रित हुए। हर दो दशकों में एक बार आयोजित होने वाले महाकुंभाभिषेकम, मंदिर के जीर्णोद्धार और विस्तार को चिह्नित करते हुए, 20,000 से अधिक हिंदुओं द्वारा देखा गया, जिसमें सिंगापुर, मलेशिया और मॉरीशस के 15 पुजारी और विजिटर्स शामिल थे। आयोजन के दौरान पवित्र आग जलाई गई, जो 10 अप्रैल को समाप्त हुई जिसमें पुजारी मंदिर की छत पर चढक़र पवित्र जल को सुनहरे बर्तनों में डालते हैं। मंदिर के निदेशक सुब्रह अय्यर ने बताया, इसका महत्व न केवल मंदिर और देवताओं को बल्कि समारोह देखने वाले भक्तों को भी शुद्ध करता है। समुद्र तल से 400 फीट ऊपर एक पहाड़ी क्षेत्र की चोटी पर बने मंदिर का 3 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर का जीर्णोद्धार पिछले साल जून में शुरू हुआ था। मंदिर में रहने वाले पत्थर के देवताओं के निर्माण और मरम्मत के लिए भारत से दस राजमिस्त्री और चित्रकारों को लाया गया था। मंदिर 1985 से कार्य कर रहा है और ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले हिंदुओं के लिए एक पवित्र स्थान रहा है।

### म्यांमार की सेना ने मचाया कत्लेआम, आम नागरिकों पर बरसाए बम- 100 से ज्यादा मौतें

**यांगून।** मध्य म्यांमार में आम नागरिकों की भीड़ पर हवाई हमले करके सेना ने 100 से ज्यादा लोगों को मार दिया। ये लोग सैन्य शासन के विरोधियों की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में जमा हुए थे। वहीं संयुक्त राष्ट्र और पश्चिमी शक्तियों ने हमलों की निंदा की और जवाबदेही की मांग की। संयुक्त राष्ट्र के अधिकार प्रमुख वोल्कर तुर्क ने कहा कि वह घातक हवाई हमलों से 'भयभीत' थे। हवाई हमलों के पीड़ितों में नृत्य करने वाले स्कूली बच्चे भी शामिल थे। वैश्विक संस्था ने उन लोगों को न्याय दिलाने के लिए कहा। सागाईंग क्षेत्र के सुदूर कंबालू कस्बे में मंगलवार तडक़े हुए हमले में मरने वालों की संख्या 100 से अधिक बताई जा रही है। बता दें कि सेना ने फरवरी 2021 में आंग सान सू ची की निर्वाचित सरकार का तख्तापलट कर दिया था और उसके बाद से ही सेना अपने शासन के खिलाफ प्रदर्शनों को दबाने के लिए लगातार हवाई हमले करती रही है। तख्तापलट के बाद से सुरक्षा बलों की कार्रवाई में म्यांमार में 3,000 से अधिक नागरिकों के मारे जाने का अनुमान है।

### देश में दूसरे स्थान पर आया सतपुड़ा टाइगर रिजर्व

**नर्मदापुरम (आरएनएस)।** वन एवं वन्यजीवों के संरक्षण व सुरक्षा के लिए सतपुड़ा टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। सतपुड़ा के घने जंगलों के बीच वन्यजीव स्वच्छंद विचरण कर रहे हैं तो वहीं वन संपदा में भी लगातार इजाफा हो रहा है। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व ने एक अलग ही मुकाम बनाया है जिसके चलते पर्यटन के लिए सबसे अहम माना जाने लगा है। हर साल पर्यटकों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है। हाल ही में प्रोजेक्ट टाइगर के 50 साल पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मैनेजमेंट इफैक्टिवनेस इवेल्यूएशन यानि एमईई रिपोर्ट का पांचवां चक्र जारी किया गया । यह आकलन हर चार साल में एक बार किया जाता है। इस मूल्यांकन के आधार पर वन्य संपदा व वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में देश में दूसरा व मध्यप्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है।

## बठिंडा मिलिट्री स्टेशन में फायरिंग : चार जवानों की मौत



### पंजाब सरकार ने मांगी रिपोर्ट- रक्षामंत्री को जानकारी देंगे सेना प्रमुख

**बठिंडा (आरएनएस)।** बठिंडा के सबसे बड़े मिलिट्री स्टेशन पर गोलीबारी की घटना में चार जवानों की मौत हो गई। ये घटना आज सुबह साढ़े 4 बजे की बताई जा रही है। फायरिंग की वजह का अभी पता लगाया जा रहा है। हादसे के बाद स्टेशन च्किि रिस्पॉन्स टीमों को एक्टिव कर दिया गया है और पूरे इलाके को सील कर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि 2 दिन पहले गार्ड रूम से एक राइफल और 28 कारतूस भी गायब हो गए थे।

वहीं बठिंडा के एसएसपी जीएस खुराना ने इस मामले में कहा है कि ये कोई आतंकी हमला नहीं है। उन्होंने कहा कि यह फौज का अंदरूनी मामला लग रहा है। हम सेना के साथ संपर्क में बने हुए हैं। दूसरी ओर पंजाब सरकार ने भी बठिंडा पुलिस से फायरिंग की घटना पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। पुलिस से जल्द से जल्द यह रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) को देने को कहा गया है। वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी इस घटना के बारे में सेना से रिपोर्ट मांगी है। आर्मी चीफ जनरल मनोज पांडे उन्हें रिपोर्ट देंगे। सेना की दक्षिण पश्चिमी कमान ने एक बयान में कहा कि इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और त्वरित प्रतिक्रिया दल तलाशी अभियान चला रहे हैं। सेना ने भी इसे कहा है कि ये कोई आतंकी हमला नहीं है।

### बठिंडा मिलिट्री स्टेशन पर फायरिंग का आरोपी जवान गिरफ्तार, पूछताछ जारी

बठिंडा मिलिट्री कैंप में फायरिंग करने वाले को गिरफ्तर कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी कोई और नहीं बल्कि कैंप का ही जवान है। फिलहाल जवान से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के बाद ही पता चल पाएगा कि उसने गोलीबारी क्यों की। फायरिंग की घटना में 4 सैनिकों की मौत के बाद सेना ने कहा कि घटना की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए अफवाहों से बचें और अटकलों से दूर रहें। भारतीय सेना के मुताबिक बठिंडा मिलिट्री स्टेशन के अंदर सुबह करीब 4 बचकर 35 मिनट पर फायरिंग की घटना की सूचना मिली। स्टेशन क्विक रिएक्शन टीमों को सक्रिय किया गया। इलाके की घेराबंदी कर सील कर दिया गया। चार हताहतों की सूचना दी गई है। बठिंडा सैन्य स्टेशन पर फायरिंग की घटना कि कुछ देर बाद भारतीय सेना (मुख्यालय एसडब्ल्यू कमांड) ने एक आधिकारिक वक्तव्य में बताया कि अब तक जांचकर्ताओं को यह पता चला है कि दुर्भाग्यपूर्ण घटना में, आर्टलरी इकाई में तैनात सेना के चार जवानों ने घटना के दौरान लगी बंदूक की गोली से दम तोड़ दिया। सेना के मुताबिक इन जवानों के अलावा अन्य सैन्यकर्मियों को कोई अन्य चोट या संपत्ति के नुकसान अथवा क्षति की सूचना नहीं मिली है। सेना के मुताबिक घटना के बाद इस पूरे इलाके को सील कर दिया गया है और मामले के तथ्यों को स्थापित करने के लिए पंजाब पुलिस के साथ संयुक्त जांच की जा रही है। भारतीय सेना के मुताबिक यहां से दो दिन पहले लापता हुए 28 राउंड के साथ एक इंसास राइफल के शामिल होने के संभावित मामले सहित सभी पहलुओं का पता लगाया जा रहा है। सेना ने कहा कि इसमें शामिल संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए, उनका अनुरोध है कि अफवाहों से बचें और अटकलों से दूर रहा जाए।

## होशियारपुर में बड़ा हादसा, 100 फुट गहरी खाई में गिरी ट्रैक्टर ट्राली, तीन श्रद्धालुओं की मौत



**होशियारपुर (आरएनएस)।** होशियारपुर जिले में शिवालिक की पहाडिय़ों में बसे गांव गढ़ीमानसोवाल में बुधवार की सुबह करीब साढ़े 5 बजे एक ट्रैक्टर ट्राली समेत अनियंत्रित होकर करीब 100 फुट गहरी खाई में गिर गया। हादसे में तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि तीन श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को गढ़शंकर के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

मृतकों की पहचान जसवीर सिंह पुत्र गुरबचन सिंह, हैरी पुत्र दास राम और सदा सिंह के रूप में हुई है। इस संबंध में पुलिस को दिए बयान में जसवीर सिंह निवासी समराला ने बताया कि बैसाखी के शुभ अवसर पर वह खुरालगढ़ साहिब संगत को लेकर दर्शन करने के लिए जा रहे थे। दो दिन वहीं पर रुकने का कार्यक्रम था। जिसके चलते लंगर का सामान भी साथ ले लिया था। उन्होंने बताया कि तडक़े करीब चार बजे जब गढ़ी मानसोवाल के पास पहुंचे तो सडक़ खराब होने के चलते ट्रैक्टर असंतुलित हो गया। इस वजह से ट्रैक्टर-ट्राली सडक़ के साथ एक खाई में जा गिरे। हादसे में ट्रैक्टर में सवार तीन श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई। ये सभी समराला (लुधियाना) के रहने वाले थे।

## निलंबित आईएएस पूजा सिंघल ने कोर्ट में किया सरेंडर, तीसरी बार गईं जेल

**रांची (आरएनएस)।** मनरेगा एवं माइनिंग घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की आरोपी निलंबित आईएएस पूजा सिंघल ने अदालत से मिली अंतरिम जमानत की अवधि पूरी होने के बाद बुधवार को ईडी कोर्ट में सरेंडर किया। इसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया। यह तीसरी बार है, जब वह इस मामले में जेल भेजी गई हैं। सिंघल ने जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है, जिसपर कल यानी गुरुवार को सुनवाई होनी है।

फरवरी 2023 में उनकी बेटी के मेडिकल ग्राउंड पर दो महीने के लिए अंतरिम जमानत मिली थी। इसके पहले भी बीते 4 जनवरी को कोर्ट ने इसी आधार पर उन्हें सशर्त जमानत प्रदान की थी। इस दौरान उन्हें झारखंड से बाहर रहने का निर्देश दिया गया था।

बता दें कि मनी लॉन्ड्रिंग के इस मामले में पूजा सिंघल पर पीएमएलए कोर्ट में बीते दिनों आरोप तय कर दिए गए हैं और उनके खिलाफ ट्रायल की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। ईडी की ओर से पूजा सिंघल समेत अन्य के खिलाफ दाखिल की गई गई चार्जशीट में बताया गया है कि चतरा, खूंटी और पलामू में डीसी रहते हुए उनके खाते में सैलरी से 1.43 करोड़ अधिक आए थे। ईडी ने इन तीनों जिलों में उनके डीसी के कार्यकाल के दौरान के अलग-अलग बैंक खातों व दूसरे निवेश की जानकारी जुटाई। खूंटी में मनरेगा का घोटाला फरवरी 2009 से जुलाई 2010 के बीच हुआ। उस समय पूजा सिंघल वहां की डीसी थीं। ईडी ने पिछले साल 6 मई को तत्कालीन खान सचिव पूजा सिंघल के सरकारी व निजी आवास, उनके पति अभिषेक झा और उनके सीए सुमन सिंह समेत 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। सीए सुमन सिंह के आवास से ईडी को 19.31 करोड़ रुपए नगद बरामद हुए थे। इसके बाद 11 मई को ईडी ने पूजा सिंघल को गिरफ्तार किया था।

## मुश्किलों में घिरे तेजस्वी यादव, लैंड फॉर जॉब केस में ईडी ने बनाया आरोपी, मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज



**पटना (आरएनएस)।** जमीन के बदले नौकरी घोटाले में उलझे लालू यादव के परिवार की मुश्किलें कम नहीं हो रही है। लालू यादव के बेटे व बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव मंगलवार को इडी की नयी दिल्ली स्थित दफ्तर में हाजिर हुए। ईडी के अधिकारियों ने नौ घंटे से भी अधिक समय तक तेजस्वी यादव से पूछताछ की। इस दौरान उनसे आमदनी और परिवार की संपत्ति से जुड़े सवाल पूछे गए।

बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सीबीआई की एफआईआर के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत अलग से मामला दर्ज किया। इसमें तेजस्वी यादव को आऱोपी बनाया गया।

रेलवे में कथित जमीन के बदले नौकरी घोटाले में सीबीआई की दर्ज एफआईआर में तेजस्वी यादव पहले से आरोपी हैं। बीते 25 मार्च को सीबीआई ने भी उनसे करीब 8 घंटे तक पूछताछ की थी। हालांकि, सीबीआई द्वारा कोर्ट में दी गई चार्जशीट में तेजस्वी का नाम नहीं है। केंद्रीय जांच एजेंसी इसी महीने सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर करने वाली है, जिसमें तेजस्वी को भी आरोपी बनाया जा सकता है।

दूसरी ओर, ईडी ने भी तेजस्वी यादव पर पूरी तरह शिकंजा कस लिया है। उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग केस में आरोपी बनाकर जांच की जा रही है। ऐसे में डिप्टी सीएम की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं।

गौर हो कि लैंड फॉर जॉब केस में शुरुआत में तेजस्वी यादव का नाम नहीं आया था। मगर जैसे-जैसे जांच का दायरा बढ़ा, दिल्ली के फ्रेंड्स कॉलोनी में स्थित एक बंगले का जिक्र आया। जांच में पता चला कि यह बंगला एक निजी कंपनी के नाम पर रजिस्टर्ड है जिसके मालिक तेजस्वी यादव और उनकी बहन हैं। तेजस्वी इस कंपनी के डायरेक्टर भी रह चुके हैं। बंगले की कीमत करीब 150 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

आरोप है कि लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री रहते हुए रेलवे में नौकरी देने के बदले लोगों से बेशकीमती जमीनों को कौडिय़ों के दाम खरीदा गया था। उसमें दिल्ली की फ्रेंड्स कॉलोनी वाला बंगला भी शामिल है।

## भारत में कोविड के सक्रिय मामलों की संख्या 40,000 के पार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत में बुधवार को बीते 24 घंटे में कोविड-19 के 7,830 नए मामले सामने आए जिससे देश में कुल मामलों की संख्या 40,215 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के बुधवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। आंकड़ों के मुताबिक, डेली और वीकली पॉजिटिविटी रेट वर्तमान में क्रमश: 3.65 प्रतिशत और 3.83 प्रतिशत है।

वहीं, इसी अवधि में महामारी से 4,692 मरीज ठीक भी हुए हैं। जिससे कोविड से ठीक होने वाले मरीजों की संख्या बढक़र 4,42,04,771 हो गई। इसके अलावा, इसी अवधि में, 2,14,242 टेस्ट किए गए, जिससे कुल संख्या बढक़र 92.32 करोड़ हो गई। साथ ही पिछले 24 घंटे में 441 डोज दी गई। देश में अब तक 220.66 करोड़ वैक्सीन की डोज दी जा चुकी है। सक्रिय मामले 0.09 प्रतिशत और रिकवरी दर 98.72 प्रतिशत है।

### बालक आश्रम के 18 छात्र पाए गए पॉजिटिव, सभी को किया गया क्वारण्टाइन

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले के भैरमगढ़ तहसील से कोरोना ने दस्तक दे दी है । यहाँ बालक आश्रम में अध्ययनरत 18 छात्र एंटीजेन टेस्ट में पॉजिटिव पाये गए है । सभी छात्रों को अलग अलग कमरे में क्वाण्टाइन कर उपचार किया जा रहा है । साथ ही आश्रम के सभी छात्रों का टेस्ट जारी है । भैरमगढ़ बीएमओ संदीप कश्यप ने बताया कि तहसील के बालक आश्रम हिंगुम और बालक आश्रम छोटेपल्ली के 89 छात्रों का टेस्ट किया गया जिसमें 18 छात्र एंटीजेन टेस्ट में पॉजिटिव पाए गए हैं , जिन्हें आश्रम के अलग-अलग कमरों में क्वाण्टाइन कर उपचार किया जा रहा है । साथ ही सभी छात्रों की जांच भी की जा रही है , पॉजिटिव छात्रों की संख्या बढऩे की आशंका भी जताई जा रही है । सभी पॉजिटिव छात्रों की देखभाल स्वास्थ्य अमला के साथ आश्रम के कर्मचारी कर रहे हैं ।

### कोरोना टेस्टिंग किट और वैक्सिनेशन में वृद्धि करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**रायपुर (आरएनएस)।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने आज जिले में कोविड़ प्रकरण के बढ़ते संभावित मरीजो को ध्यान में रखते हुए संबंधित अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।बैठक में उन्होंने जिले के सभी शासकीय अस्पतालों में ईलाज की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए।उन्होंने कोरोना परीक्षण की संख्या में वृद्धि करने के साथ-साथ वैक्सीनशन पर विशेष ध्यान देने की बात कही।इसके साथ ही उन्होंने जिले के समस्त नागरिको से कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने की अपील भी की।बैठक के पूर्व कलेक्टर डॉ. भुरे ने पंडरी स्थित जिला चिकित्सालय का निरीक्षण भी किया।इस दौरान उन्होंने अस्पताल में कोरोना मरीज़ों के लिए उपलब्ध उपचार व्यवस्था को सक्रिय करने के निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित चिकित्सकों ने बताया कि जिले में कोविड की समस्त आवश्यक तैयारियां है। जिसमें मरीजो को किसी भी प्रकार के बुखार, सर्दी खांसी या गले में खरास जैसे लक्षण पाये जा रहे है। उन्हें तत्काल टेस्टिंग की सलाह दी जा रही है। वर्तमान में समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सहित जिला चिकित्सालय, मैडिकल कालेज एवं एम्स में कोविंड टेस्टिंग की व्यवस्था है। इसी प्रकार जिला रायपुर में स्मेटिक सेंटर कालीबाड़ी में भी टेस्टिंग की व्यवस्था की गई है।

## भीषण गर्मी और हीटवेव की चेतावनी, 10वीं तक के सभी स्कूलों में छुट्टियों का ऐलान

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भीषण गर्मी के कारण ओडिशा के स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्र बंद कर दिए गए हैं। ओडिशा सरकार ने नए आदेश जारी किए हैं कि राज्य के सभी स्कूल, चाहे वे प्राइवेट हों या सरकारी, 10वीं कक्षा तक के छात्रों के लिए 16 अप्रैल, तक बंद रहेंगे। नए आदेश में राज्य सरकार ने कहा है कि आज से सभी आंगनवाड़ी केंद्र भी बंद रहेंगे।

11 अप्रैल 2023 को, राज्य सरकार ने कहा था कि गर्मी की लहर के कारण कक्षा 1 से 12 तक के छात्रों के लिए स्कूल की टाइमिंग में संशोधन किया गया है। जारी आधिकारिक नोटिस के अनुसार, कक्षाएं सुबह 7 बजे से 11:30 बजे तक निर्धारित की गई थीं।

तापमान में अचानक वृद्धि के कारण, राज्य सरकार ने अब 16 अप्रैल तक सभी स्कूलों को बंद रखने का आदेश दिया है। कक्षा 11 और 12 तथा कॉलेजों के लिए क्लासेज़ की टाइमिंग में बदलाव किया गया है। राज्य सरकार ने भीषण गर्मी के चलते छात्रों की उचित देखभाल सुनिश्चित करने के लिए स्कूलों, कॉलेजों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों को तैयार रहने की सलाह दी है।

## राजस्थान को मिली पहली वंदे भारत एक्सप्रेस, पीएम मोदी ने दिखाई हरी झंडी




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राजस्थान को अजमेर-दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात दी है। इस मौके पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि राजस्थान की धरती को आज पहली वंदे भारत ट्रेन मिल रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को राजस्थान की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान पीएम मोदी ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सभा को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली कैंट-अजमेर वंदे भारत एक्सप्रेस से जयपुर और दिल्ली के बीच आना-जाना और आसान हो जाएगा। यह ट्रेन राजस्थान की टूरिज्म इंडस्ट्री को भी मदद करेगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान कहा, 'मुझे खुशी है कि वंदे भारत ट्रेन आज विकास, आधुनिकता, आत्मनिर्भरता और स्थिरता का पर्याय बन चुकी है। आज की वंदे भारत की यात्रा कल हमें विकसित भारत की यात्रा की ओर ले जाएगी।' उन्होंने कहा कि वंदे भारत एक सेमी हाई स्पीड ट्रेन है, जो मेड इन इंडिया है। वंदे भारत पहली ऐसी ट्रेन है जो इतनी कंपैक्ट और एफिशिएंट है। वंदे भारत पहली ट्रेन है, जो स्वदेशी सेफ्टी सिस्टम कवच के अनुकूल है।

पीएम मोदी ने इसके साथ ही कहा कि जब से ये आधुनिक ट्रेनें (वंदे भारत) शुरू हुई हैं, तब से करीब करीब 60 लाख लोग इन ट्रेनों में सफर कर चुके हैं। तेज रफ़्तार वंदे भारत की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि ये लोगों का समय बचा रही है। तेज रफ़्तार से लेकर खूबसूरत डिजाइन तकज् वंदे भारत ट्रेन तमाम खूबियों से संपन्न है। इन्हीं सब खूबियों को देखते हुए आज देश में वंदे भारत ट्रेन का गौरवगान हो रहा है।'

इसके साथ उन्होंने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले ट्रेनों को राजनीति का अखाड़ा बनाया गया। पीएम मोदी ने कहा, 'आजादी के बाद रेलवे के आधुनिकीकरण पर हमेशा राजनीतिक स्वार्थ हावी रहा। राजनीतिक स्वार्थ को देख कर ही तय किया जाता था कि कौन रेल मंत्री बनेगा, राजनीतिक स्वार्थ ने ही ऐसी-ऐसी ट्रेनों की घोषणा करवाई जो कभी चली ही नहीं। हालत यह थी कि गरीब की जमीन छीन कर उन्हें रेलवे में नौकरी का झांसा दिया गया। रेलवे की सुरक्षाज् स्वच्छता सबकुछ को नजरअंदाज कर दिया गया था। इन सारी व्यवस्थाओं में बदलाव वर्ष 2014 के बाद आना शुरू हुआ।'

इस दौरान प्रधानमंत्री ने राजस्थान को लेकर उनकी सरकार में चलाए गए कामों का जिक्र करते हुए कहा, 'शूरवीरों की धरती राजस्थान को आज हमारी सरकार नई संभावनाओं और अवसरों की धरती बना रही है। राजस्थान देश के शीर्ष पर्यटन स्थलों में से एक है। राजस्थान की कनेक्टिविटी को लेकर बीते वर्षों में जो काम सरकार ने किया है, वो अभूतपूर्व है। केंद्र सरकार राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों में भी लगभग 1,400 किलोमीटर सडक़ों पर काम कर रही है। हमारी सरकार रोड के साथ ही राजस्थान में रेल कनक्टिविटी को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।'